आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 22.10.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से त्योहारों में स्थानीय उत्पादों की खरीद करने का आह्वान किया है।
- राज्य में मातृ–मृत्यु दर को कम करने की पहल के रूप में हरिद्वार में पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत की जाएगी।
- रुद्रप्रयाग जिले की केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव की अधिसूचना जारी।
- प्रदेश की एकल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ''मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना'' जल्द शुरू करेगी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से त्योहारों में स्थानीय उत्पादों की खरीद करने का आह्वान किया है। देहरादून में आयोजित एक बैठक में उन्होंने कहा कि इससे न केवल स्थानीय उद्यमियों और कारीगरों को समर्थन मिलेगा, बल्कि "वोकल फॉर लोकल" और "आत्मनिर्भर भारत" जैसे अभियानों को भी बल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने त्योहारों के दृष्टिगत राज्य के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय उत्पादों की बिक्री की समुचित व्यवस्थां सुनिश्चित करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। श्री धामी ने मिलावटखोरी से बचाव के लिए सघन चैंकिंग अभियान चलाते हुए खाद्य पदार्थों की नियमित सैंपलिंग करने की बात भी कही। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि त्योहारी सीजन के मद्देनजर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जाए, ताकि लोगों को आवाजाही में अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

मुख्य सचिव

राज्य में मातृ–मृत्यु दर को कम करने की पहल के रूप में हरिद्वार में एक पायलट प्रोजेक्ट की जल्द ही शुरुआत की जाएगी। आज सचिवालय में उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति की 12वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को ये निर्देश दिए। उन्होंने मातृ–मृत्यु दर को कम करने के लिए मेटरनल डेथ ऑडिट को अनिवार्य करने और स्वास्थ्य विभाग तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के बीच प्रभावी समन्वय के निर्देश दिए।

*मुख्य सचिव ने राज्य को अगले साल तक क्षय रोग से मुक्त करने के लक्ष्य को समय से पूरा करने के दृष्टिगत टीबी बाहुल्य क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर वहां विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने*

*अधिकारियों को हिदायत दी, कि राज्य में स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में अत्यधिक भवनों और इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण की अपेक्षा, मेडिकल सेवाओं तथा मानव संसाधन के सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को आदि कैलाश और केदारनाथ सहित सभी उच्च पर्वतीय वाले धामों, पर्यटक स्थलों, होटलों और धर्मशालाओं पर पर्याप्त संख्या में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर रखने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड के तहत कार्यरत कार्मिकों के मानदेय के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया। इसके साथ ही उन्होंने अल्मोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सल्ट और चैखुटिया में सेन्ट्रल आक्सीजन पाईप लाइन एवं मैनीफोल्ड, आक्सीजन प्लांट के विभिन्न कार्यों को मंजूरी दी। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसपुर और डोईवाला में आक्सीजन प्लांट व शेड कार्यों की विभिन्न वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की।*

<u>राष्ट्रीय जल पुरस्कार</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 प्रदान किये। यह पुरस्कार नौ श्रेणियों में 38 विजेताओं को दिए गये। इनमें सर्वश्रेष्ठ राज्य, जिला, ग्राम पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ और सर्वश्रेष्ठ नागरिक समुदाय शामिल हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि जल–जीवन मिशन के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार ओडिशा को, द्वितीय पुरस्कार उत्तर प्रदेश को और तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से गुजरात और पुद्दुचेरी को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ विद्यालय श्रेणी में राजस्थान के सीकर में सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय को प्रथम पुरस्कार दिया गया।

<u>चंदन के पेड़</u>

रुद्रप्रयाग जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों के दौरान उचित स्थानों पर चंदन के पेड़ लगाए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने बताया कि विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत भटवाड़ी, कोट और मणिगुह तथा विकास खंड जखोली की ग्राम पंचायत मेदनपुर में लगभग ढाई हजार चंदन के पौधों को 50 महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से रोपित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले की महिला समूहों की आर्थिकी को मजबूत करने की दिशा में चंदन के पौधों का रोपण किया जा रहा है। आने वाले तीन वर्षों में चंदन के पेड़ से उनकी आर्थिकी को बल मिलेगा। जिला उद्यान अधिकारी वीएस सिंह ने बताया कि चंदन के पौधे को होस्ट प्लांट के तहत ही रोपा जाना चाहिए और इन पौधों को उचित स्थानों में परीक्षण के बाद लगाया जाएगा।

## अधिसूचना जारी

रुद्रप्रयाग जिले की केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव की अधिसूचना आज जारी कर दी गई हैं। इस बीच, जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने ऊखीमठ तहसील कार्यालय पहुंचकर चुनाव से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ऊखीमठ के रिटर्निंग अधिकारी अनिल कुमार शुक्ला को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। वहीं, रिटर्निंग अधिकारी अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय परिसर के 100 मीटर दायरे में बैरिकेडिंग कर दी गई है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। केदारनाथ विधानसभा सीट के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी।

## उप समिति बैठक

प्रदेश की एकल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार जल्द ही मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना शुरू करने जा रही है। इस योजना को पहले एक वर्ष के लिए "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर शुरु किया जायेगा। देहरादून स्थित विधानभवन में वित्त मंत्री डॉ. प्रेमचन्द अग्रवाल की अध्यक्षता में गठित मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना की उप समिति की बैठक हुई। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के तहत पात्र महिलाओं को स्वरोजगार या व्यवसाय स्थापित करने के लिए योजना से लाभान्वित किया जायेगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस योजना के लिए प्रदेश भर में स्क्रीनिंग कमेटी गठित की जायेगी, जो मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की स्क्रीनिंग करेगी।

*योजना के तहत एक वर्ष में प्रदेश की 2 हजार पात्र महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिला को प्रदेश की मूल या स्थायी निवासी होना जरूरी है। एकल निराश्रित महिला की आयु 21 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साथ ही विधवा, परित्यक्ता, किन्नर, अपराध व एसिड हमले से पीड़ित एकल निराश्रित महिला या जिन एकल महिलाओं के बच्चे अविवाहित या अव्यस्क हों, इस योजना का लाभ ले सकती हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के तहत पात्र महिलाएं कृषि, बागवानी, कुक्कुट पालन, पशुपालन, प्लम्बर कार्य, इलेक्ट्रीशियन, डाटा एन्ट्री, ब्यूटी पार्लर आदि व्यवसायों को शुरु कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि योजना 2 लाख रुपए की है, जिसमें 75 प्रतिशत अनुदान देय होगा और 2 लाख रुपए से अधिक की मांग पर अधिकतम डेढ़ लाख रुपए तक अनुदान देय होगा।*

आंचल दुग्ध महोत्सव

चंपावत जिले की चौकी ग्राम पंचायत स्थित घटोत्कच मन्दिर प्रांगण में आज से दो दिवसीय आंचल दुग्ध उत्पादक मेले का आयोजन किया जा है। कार्यक्रम के आयोजक, दुग्ध विभाग के प्रबंधक पुष्कर सिह नगरकोटी ने बताया कि यह पहली बार है जब प्रदेश के 6 जिलों के साथ ही चम्पावत जिले में यह मेला आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेले में जिले के डेरी, कृषि, पशुपालन, मत्स्य और रेशम पालन सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं। साथ ही पशु प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों भी आयोजित किए जा रहे हैं।

जिले के मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि मेले के जरिए जहां दुग्ध व पशुपालन विभाग को एक मंच में आने का मौका मिला है, वहीं इस मेले से किसानों को विभिन्न विभागीय जानकारी भी दी जा रही है।

बीरोंखाल दुर्घटना

पौड़ी जिले के बीरोंखाल क्षेत्र में बंदरकोट के समीप एक वाहन के खाई में गिरने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि चार स्कूली बच्चे घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल बच्चे को रामनगर रेफर कर दिया गया है।

गंगा महोत्सव हरिद्वार

आगामी 4 नवंबर को हरिद्वार में गंगा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष केंद्र सरकार की ओर से 4 नवंबर को इसका आयोजन किया जाता है। इस बार इसके आयोजन के लिए हरिद्वार को चुना गया है। नमामि गंगे परियोजना के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल ने हरिद्वार में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। उन्होंने बताया कि गंगा महोत्सव के माध्यम से गंगा के विभिन्न पहलुओं को लोगों के समक्ष रखा जाएगा।